卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 349 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦1 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सड़क पर कोई भी धार्मिक संरचना बाधा नहीं बन सकती

### विभिन्न राज्यों में बुल्डोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। यूपी समेत तमाम राज्यों में बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आज सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है और सड़क, जल निकायों या रेल पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले किसी भी धार्मिक ढांचे को हटाया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं और हमारे निर्देश सभी के लिए होंगे चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय के हों। बेशक, सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण के लिए हमने कहा है कि अगर यह सार्वजनिक सड़क या फुटपाथ या जल निकासी या रेलवे लाइन क्षेत्र पर है, तो हमने स्पष्ट कर दिया है। अगर सड़क के बीच में कोई धार्मिक संरचना है तो वह सार्वजनिक बाधा नहीं बन सकती। सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि चाहे मंदिर हो, दरगाह हो या अन्य कोई दूसरा धार्मिक स्थल। जहां जनता की सुरक्षा की बात हो और स्थल पब्लिक प्लेस पर हो तो उसे हटाना ही होगा। जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। सुनवाई के दौरान जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि अगर उल्लंघन करने वाले दो स्ट्रक्चर हैं और सिर्फ एक के खिलाफ ही कार्रवाई की जाती है तो सवाल उठता है। जस्टिस गवई ने कहा,हम ये साफ कर देना चाहते हैं कि सिर्फ इसलिए तोड़फोड़ नहीं की जा सकती, क्योंकि कोई व्यक्ति आरोपी या दोषी है। साथ ही, इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि तोड़फोड़ के आदेश पारित होने से पहले भी एक सीमित समय होना चाहिए। साल में 4 से 5 लाख डिमोलिशन की कर्रवाई होती हैं। पिछले कुछ सालों का यही आंकड़ा है। जस्टिस विश्वनाथन ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि लालकुआं मार्ग पर तल्ली हल्द्वानी स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज गति से जाते अज्ञात वाहन चालक ने बाईक सवार युवक को टक्कर मारकर उसे रौंद दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मंडी चौकी पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त कर ली गई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से जिला मोतीहारी बिहार निवासी कमलेश सोनी पुत्र यादव लाल यहां गोरापड़ाव गौला गेट में रहता है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक संख्या बीआर 05 एवाई-2617 से रात्रि लगभग 10:45 बजे हल्द्वानी से अपने घर गोरापड़ाव को जा रहा था। इसी दौरान तल्ली हल्द्वानी पेट्रोल पंप के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक का सिर व हाथ बुरी तरह कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मंडी चौकी प्रभारी के साथ कोतवाल राजेश कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल के निरीक्षण के बाद कोतवाल राजेश कुमार ने वहां के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। (शेष पृष्ठ सात पर)

## शातिर अमरीक गैंग का सफाया,एक और गिरफ्तार

**कई राज्यों में जमीन के नाम पर अरबों की धोखाधड़ी कर चुका था गिरोह**

देहरादून(उद संवाददाता)। कई राज्यों में जमीन के नाम पर अरबों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अमरीक गैंग का दून पुलिस ने सफाया कर दिया है। गिरोह के सभी सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने अंतिम 10 हजार रुपये के इनामी आरोपित को भी मोहंड के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर कुर्की की कार्रवाई भी चल रही थी और पुलिस ने उसके यमुनानगर हरियाणा में घर के बाहर तीन दिन से जेसीबी खड़ी की हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि गिरोह के सदस्य संजीव कुमार व संजय गुप्ता ने राजपुर निवासी गोविंद सिंह पुंडीर से जमीन खरीदने के एवज में करोड़ों रुपये हड़प लिए थे। इस मामले में राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ तो आरोपित फरार हो गए। थानाध्यक्ष पीडी भट्ट की देखरेख में टीम ने 14 जुलाई को गिरोह के सदस्य मोहम्मद अदनान को सहारनपुर, 19 जुलाई (शेष पृष्ठ सात पर)

## कहासुनी के बाद पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला



लालकुआं(उद संवाददाता)। बिंदुखत्ता स्थित रावतनगर द्वितीय में एक व्यवसायी ने आपसी कहासुनी के बाद ने चुन्नी से गला घोटकर पत्नी की हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात लगभग 12:30 बजे रावत नगर द्वितीय निवासी गोविंद मेहता का अपनी पत्नी 38 वर्षीय ललिता से विवाद हो गया। आवेश में आकर उसने चुन्नी से ललिता का घोट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहानी, कोतवाल डीआर वर्मा फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोविंद का पहली पत्नी से तलाक के बाद ललिता से दो वर्ष पूर्व ही दूसरा विवाह हुआ था। ललिता के भी पहले पति की मौत हो गई थी। आरोपित की पहली पत्नी से दो दो बेटे हैं। जबकि मृतका की पहले पति से एक बेटी है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने मृतका के बागेश्वर कपकोट स्थित माइके को सूचना दे दी है। फॉरेंसिक जांच एक्सपर्ट डॉ पुनीता के नेतृत्व में आयी टीम ने फॉरेंसिक जांच की। आरोपी पति गोविंद मेहता की नगला और गोलगेट के बीच हाईवेकिनारे मोटर मैकेनिक की दुकान है।

## प्रिपेड मीटर लगाने आई सर्वे टीम विरोध के बाद बैरंग लौटी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा सभी विद्युत उपभोक्ताओं के भवनों में पुराने विद्युत मीटरों के स्थान पर प्रिपेड स्मार्ट मीटर लगाये जाने की कवायद में आज मौहल्ला आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प में सर्वे के लिए आई विभागीय का महिलाओं सहित भारी संख्या में स्थानीय लोगों द्वारा जमकर विरोध किया गया। जिस पर टीम द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बाद में टीम को बिना सर्वे किये बापस लौटना पड़ा। गौरतलब हो कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की चोरी को रोकने और राजस्व बढ़ाये जाने की कवायद में प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के भवनों में लगे पुराने विद्युत मीटरों को उतार कर उनके स्थान पर नये प्रिपेड स्मार्ट विद्युत मीटर लगाये जा रहे हैं। जिसके लिए विभागीय टीम द्वारा व्यापक रूप से सर्वे का काम किया जा रहा हे। बताया जाता है कि आज सुबह जब विभाग की सर्वे टीम मौहल्ला आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प पहुंची तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। टीम के अधिकारियों द्वारा उन्हें समझाया गया कि यह कार्य प्रदेश सरकार के निर्देश पर पूरे राज्य में किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने प्रिपेड स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने के फायदे भी उपभोक्ताओं को बताये। लेकिन स्थानीय लोग उनकी किसी भी बात को सुनने को राजी नहीं हुए और नारेबाजी करते हुए टीम को वापस जाने के लिए बाध्य करने लगे। उनका कहना था कि किसी भी हालत में वह अपने घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने देंगे। जिस पर अधिकारियों द्वारा मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। लेकिन भारी विरोध के चलते सर्वे टीम को वापस लौटना पड़ा। विरोध (शेष पृष्ठ 7 पर)

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर बालिका के जीजा को पीटा

सितारगंज(उद संवाददाता)।मदरसे में इस्लामिक शिक्षा ग्रहण करने जा रही छात्रा से बाइक सवार युवक ने सड़क में छेड़छाड़ की। छात्र के जीजा ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने छात्रा के घर में घुसकर मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किच्छा रोड के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री सितारगंज मदरसे में छोटी बहन के साथ पढ़ने जा रही थीं। किच्छा रोड के वीरेंद्र नगर मोड़ के पास बाइक सवार युवक ने उसकी पुत्री का हाथ पकड़ लिया। आरोपियों से जबरन बाइक में बैठने लगा। आसपास लोगों को आता देख आरोपी भाग गया। दरी सेमी छात्र ने इसकी शिकायत जीजा से की। छात्रा के जीजा मामले में ससुराल पहुंचा। आप है कि इसी दौरान अरबाज, परवेज, इकरार इकबाल, चांद तुसैफ आदि छात्रा के घर पहुंच गए। आरोपियों ने बालिका के जीजा को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी अरबाज आए दिन उसकी पुत्री को परेशान करता है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बैग में मिला महिला का शव पुलिस के लिए बना पहेली

### दो माह में पुलिस मृतका की पहचान करने में भी नाकाम,अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। 31 जुलाई को बेनी मजार के पास बैग में बंद मिली अज्ञात महिला की लाश के संबंध में पुलिस ने जांच के उपरांत अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रकरण की जांच कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा की जाएगी। गौरतलब है कि 31 जुलाई को हल्द्वानी रोड स्थित बेनी नदी में एक अज्ञात महिला का शव मिला था जो कि एक प्लास्टिक के बैग में रस्सियों से बांधकर नदी में फेंका गया था। जिस पर पुलिस विगत दो माह से जांच में लगी हुई थी किंतु पुलिस द्वारा इस जांच के लिए मुकदमा पंजीकृत नहीं किया था। पुलिस द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर अज्ञात महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा था किंतु सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस का प्रयास था कि हथियारों तक शीघ्र पहुंच जाए किंतु हत्या को जिस तरीके से अंजाम दिया गया है कि वह पुलिस के (शेष पृष्ठ सात पर)

## आशू की मौत के मामले में दो माह बाद भी केस दर्ज नहीं



गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड न.10 में चाय बेचकर अपने परिवार का गुजारा करने वाले आशू ने कर्ज के बोझ तले दबकर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। तहरीर मिलने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की है। जबकि घटना को दो माह से ज्यादा का समय बीत चुका हैं। पीड़ित परिवार दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

**रस्म पगड़ी/उठाला**



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री अरूण कुमार ठुकराल 'नीटू'** (पुत्र स्व.श्री ज्ञान चन्द्र ठुकराल एवं स्व. श्रीमती कौशल्या ठुकराल) का आकस्मिक निधन दिनांक 23 सितम्बर 2024 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी/ उठाला दिनांक 02 अक्टूबर दिन बुधवार** को **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर ) रूद्रपुर** में दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी।

**शोकाकुल परिवार**

विमलेश ठुकराल 'विम्मी' (पत्नी), गर्वित ठुकराल, स्पर्श ठुकराल (पुत्र)
चिमन ठुकराल-हर्ष ठुकराल( भाई-भाभी)
राजकुमार ठुकराल (पूर्व विधायक)-कोमल ठुकराल (भाई-भाभी)
अजय ठुकराल-आंचल (भाई-भाभी)
संजय ठुकराल-सिम्मी ठुकराल (भाई-भाभी),दीपक ठुकराल (भाई)
श्रीमती दर्शना रानी ठुकराल पत्नी स्व. श्री खान चन्द ठुकराल (चाची)
श्रीमती सुमित्रा रानी पत्नी स्व. श्री मदन लाल ठुकराल (भाभी)
श्रीमती किरन रानी पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश ठुकराल (भाभी)
संदीप ठुकराल, हिमांशु ठुकराल,मनीष ठुकराल, लक्ष्य ठुकराल,
जय ठुकराल, कबीर ठुकराल (भतीजे), युवराज, आरूष, आर्यन (पौत्र)
**एवं समस्त ठुकराल व मोंगा परिवार, मो. 9045660330**

# टी पर्यटन के रूप विकसित होंगे चंपावत के चाय बागान : दीपक रावत

## कुमाऊं कमिश्नर ने टी गार्डन, शिलिंगटाक, फुंगर, झालीमाली आदि गांव का पैदल भ्रमण किया, स्वाला में भू धंसाव रोकने के निर्देश







चंपावत(उद संवाददाता)। दो दिवसीय भ्रमण पर चंपावत पहुंचे आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा सोमवार को चंपावत के कई स्थानों का स्थालीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने जनपद मुख्यालय के टी गार्डन, शिलिंगटाक, फुंगर, झालीमाली आदि गांव का पैदल स्तरीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चाय बागानों को टी-पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कुमाऊं कमिश्नर ने कीबोर्ड प्रबंधन, पूर्व टी बोर्ड इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिस से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आदर्श जनपद चंपावत की परिकल्पना साकार होगी। कुमाऊं कमिश्नर ने कहा कि टी गार्डन में तीन कॉटेज और एक कैफे पूर्व से ही संचालित है। काफी पर्यटकों द्वारा यहां रुकने हेतु रुचि जताई है। इसलिए एक प्रोजेक्ट जनपद से बन रहा है जिसकी स्वीकृति शीघ्र ही मिल जाएगी। जिसके तहत अतिरिक्त कॉटेज बनाए जाएंगे। चाय बागान में व्यू प्वाइंट यहां पहले से ही निर्मित है। इसके अलावा कुछ हिस्सों में चाय बागान को और अधिक विस्तारित किला को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक विकसित किया जाएगा। इन सभी पर्यटन स्थलों को जोड़ते हुए एक शानदार परियोजना तैयार की जाएगी। जिसमें टी-गार्डन पहले स्वीकृत हो जाएगा। बाहर से आने वाले पर्यटक इसका आनंद ले सकेंगे इसके अतिरिक्त यहां रोजगार की भी असीम संभावनाएं बढ़ेंगे और लोगों को आर्थिक की प्राप्त होगी। चाय विकास बोर्ड प्रबंधन राकेश कुमार ने आयुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंपावत में चाय बागानों में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं।इसके साथ तहत एक महीने के भीतर नलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़, प्रबंधक चाय बोर्ड राकेश कुमार,पूर्व चाय विकास बोर्ड प्रबंधन डेसमंड, तहसीलदार जगदीश नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रविवार को आयुक्त दीपक रावत द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग- 09 (स्वाला) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा एनएच के अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली और स्वाला में हो रहे भूधसाव के स्थाई पिथौरागढ़ हाईवे पूर्व से ही संवेदनशील था परंतु विगत बारिश में मलवा आने से यह मार्ग अति संवेदनशील हो गया। चुकी इस मार्ग में स्वाला के किलोमीटर 106-300 में सड़क भी धस रही है और साथ-साथ पहाड़ी से लगातार मलवा भी गिर रहा है। पहाड़ी में लगातार हो रहे जल रिसाव के कारण यह पहाड़ी लगातार शिथिल होती जा रही है। एन एच द्वारा इसे लगातार खोला जा रहा है। उन्होंने कहा की सुरक्षात्मक कार्य में यह मार्ग पहले से चयनित था, इसक स्थाई समाधान हेतु प्लान तैयार किया गया है। शीघ्र ही पहाड़ी प्रदान हो सके। इस दौरन राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता दयानंद ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि स्वाला एक सक्रिय स्लाइड जोन है। इसके स्थाई समाधान हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। विगत दिनों हुई वर्षा से पहाड़ी में जगह जगह हो रहे जल रिसाव के कारण 25 मीटर के हिस्से में भूधसाव हुआ। कंसल्टेंट्स कंपनी टीएचडीसी से आए अपर महाप्रबंधक सिविल (डिजाइन) नीरज अग्रवाल द्वारा एनएच 09 स्वाला के स्थाई समाधान हेतु बनाई गई योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई





प्रबंधक डेसमंड और जिला पर्यटन अधिकारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जैविक चाय की प्रोसेसिंग जुड़ी पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चाय बागानों में अनेक पर्यटक घूमने आते हैं। अन्य प्रदेशों की तरह यहां के चाय बागानों में भी अधिक पर्यटक आएं इसके लिए इन बागानों को टी पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित किया जाए।कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि चाय की गुणवत्ता को बनाए रखने के साथ ही आकर्षक पैकिंग हो। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में उभर रहे चाय बागान परिसर में आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बागान परिसर में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चंपावत में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही किया जाएगा और बच्चों की गतिविधियों हेतु इसमें इको पार्क बनाया जाएगा। कुमाऊं कमिश्नर ने कहा कि जिले के स्थानीय आकर्षण वाले स्थानों को कोलीढेक झील, पूर्णागिरि, राजबुंगा ही कमिश्नर रावत ने सीलिंगटॉक में घर-घर जाकर हर घर नल हर घर जल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। कुछ घरों में पानी नहीं आ रहा था जिस पर उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त योजना के समाधान हेतु तैयार किये जा रहे प्रस्तावों के बारे में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं कंसल्टेंसी एजेन्सी टीएचडीसी के अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त कुमाऊं ने कहा कि टनकपुर- के ऊपरी क्षेत्र तथा सड़क के नीचे ट्रीटमेंट के कार्य किए जाएंगे। इस मार्ग को स्थिर करने हेतु ढाल को घटाया जाएगा। सड़क पर गिरे मलबे को सड़क किनारे ही डाला जाएगा जिससे इस सड़क को स्थिरता। आयुक्त कुमाऊं ने कहा कि मार्ग में सुरक्षा का पूर्ण ख्याल रखते हुए मार्ग में वाहनों का सुरक्षित आवागमन कराए। लोगों की सुरक्षा हमारी प्रथम जिम्मेदारी है।उन्होंने एन एच के अधिकारियों को इसके स्थाई समाधान के निर्देश दिए।आयुक्त ने एन एच के मुख्य अभियंता तथा अधीक्षण अभियंता को कुछ दिन तक चंपावत में ही कैम्प करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिलाधिकारी नवनीत पांडे, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा राजेंद्र सिंह,मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल,अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता विकास श्रीवास्तव अधीक्षण अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग अनिल पांगती,उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल,पुलिस उपाधीक्षक वंदना वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आदर्श जिले में 151 योजनाओं पर विकास कार्य गतिमान

चंपावत। कुमऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर आम जनता को लाभान्वित कराए। साथ ही उन्होंने प्रत्येक विकासखंड में एक सौर गांव बनाए जाने हेतु भी अभी से गांव को चिन्हित करने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण एजेंसियां आगामी 15 अक्टूबर तक जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें। आदर्श जनपद की परिकल्पना के अंतर्गत प्रत्येक अधिकारी तत्परता से कार्य करें। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करते हुए मरीजों को उचित इलाज व आयुष्मान की सुविधा मुहैया कराएं। उन्होंने जिले में दवाइयों का पर्याप्त स्टाक रखने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। साथ ही सभी जन औषधि केंद्रों में सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा की गर्भवती महिलाओं के उपचार में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। कहा कि हाई रिस्क प्रसव के मामलों में देर ना करते हुए उच्चाधिकारियों को समय पर अवगत ताकि समय पर गर्भवती प्रसूता को एयरलिफ्ट कराया जा सके। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत जिले में जो कुल 151 योजनाओं में वर्तमान में कार्य गतिमान है उन कार्यों को विभाग समय पर गुणवत्ता पूर्ण सम्पन्न कराए। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री इसकी स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। आयुक्त/सचिव ने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि आगामी 15 अक्टूबर तक जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर करें इस हेतु अभी से टेंडर प्रक्रिया जारी कर ली जाए। बैठक में आयुक्त ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए वर्तमान में 11 स्थानो में पंपिंग योजनाओं में जो कार्य किया जा रहा है उसे तेजी से पूर्ण किया जाये।

# राज्यपाल से मिले सीडीएस जनरल अनिल चौहान

देहरादून (उद संवाददाता)। सोमवार को राजभवन में सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। जम्मू कश्मीर में सैन्य सेवा के दौरान एक साथ बिताए गए पलों को भी याद किया। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) उन्होंने नेशनल डिफेंस कॉलेज, आतंकवादी निरोधक अभियानों और एक साथ किए गए विदेशी दौरों की सुनहरी यादों को भी साझा किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और पहाड़ी क्षेत्रों में अपनी सैन्य शक्ति को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया और इन संवेदनशील क्षेत्रों में दुश्मनों की हर एक नापाक कोशिश को विफल करने के लिए जरूरी बताया।

## सेवानिवृत्त मेजर जनरल जी डी बख्शी ने राज्यपाल से की चर्चा

से सोमवार को राजभवन में मेजर जनरल जी डी बख्शी(से नि) ने भेंट की। इस अवसर पर उनके मध्य आंतरिक एवं बाह्य राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र प्रथम से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में भी चर्चा की जिसमें राज्यपाल ने इस योजना को भारतीय सेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया, खासकर उत्तराखण्ड जैसे सैन्य बाहुल्य प्रदेश के लिए, जहां वीरता और बलिदान की एक लंबी परंपरा रही है और यहां के युवाओं में सेना में जाकर देश सेवा करने का जज्बा सदा ही बना रहता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर अग्निवीर योजना के तहत आने वाले जवानों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उनकी क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा उच्चतम स्तर की हो रही है, और यह योजना सशस्त्र बलों को युवा ऊर्जा से भरने में सहायक साबित होगी। मुलाकात के दौरान उन्होंने भारतीय सेना और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं पर चर्चा की।





# खेल महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर सीडीओ ने दिये दिशा निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुम्भ में 4 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक न्याय पंचायत स्तर, 25 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक ब्लाक स्तर व 16 नवम्बर से 10 जनवरी तक जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खेलों के सफलता पूर्वक आयोजन कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि न्याय पंचायत व ब्लॉक स्तर के सभी संयोजक खेल मैदान व तिथिवार रोस्टर बनाकर दें ताकि सभी खेल मैदानों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि वे तिथिवार खेल मैदानों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायेगें। इसी प्रकार जल संस्थान द्वारा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी स्तर पर गठित खेल समितियों को निर्धारित समयानुसार खेलों का आयोजन कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा सभी स्तरों पर खेल के शुभारम्भ व समापन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों का अवश्य आमंत्रित किया जाये। उन्होने खेल महाकुम्भ का क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों को



पोस्टर, वैनर के माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये तथा प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को प्रार्थना सभा में खेल महाकुम्भ की जानकारियां दी जाये ताकि अधिक से अधिक बच्चें विभिन्न आयु वर्ग के खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकें। उन्होने सम्बन्धितो को पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ ही पर्याप्त तकनीकि स्टाफ, निर्णायको की तैनाती करने के साथ ही पारदर्शिता से निष्पक्ष खेल प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बच्चों के लिए विभिन्न स्तर पर जलपान, अल्पाहार की व्यवस्था की जायेगी तथा जनपद स्तर पर खिलाड़ियों के लिए शुद्ध व ताजा भोजन, पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश जिला युवा कल्याण अधिकारी को दिये। जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रा.र.दल विभाग द्वारा खेल, शिक्षा एवं पंचायतीराज के सहयोग से खेल महाकुम्भ 2024 का आयोजन किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में खेलों का वातावरण सृजित करने, युवाओ एवं दिव्यांगों को खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करने, 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजवानी के दृष्टिगत राज्य में खेलों का माहौल तैयार करने, प्रतिभा खिलाड़ियों को चिन्हित करने, राज्य के युवाओं को इलैक्ट्रानिकी संस्कृति से प्ले ग्राउंड संस्कृति की ओर आकर्षित करने के साथ ही न्याय पंचायत, विकास खण्ड, जनपद एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता के दौरान अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना खेल महाकुम्भ का उद्देश्य है। जिला युवा कल्याण अधिकारी बताया कि खेल महाकुम्भ में उत्तराखण्ड राज्य का स्थाई निवासी खिलाड़ी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होने बताया कि खेल महाकुम्भ में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-20, अंडर-23 आयु वर्ग व दिव्यांग वर्ग में 14 से 23 आयु के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते है। उन्होने ने बताया कि खेल महाकुम्भ में न्याय पंचायत व ब्लाक स्तर पर 04 खेल विद्याएं आयोजित होगीं जबकि जनपद स्तर पर कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, वालीबाल, बैडमिन्टन, फुटबाल, टेबिल-टेनिस, ताईक्वांडो, बाक्सिंग, जूडो, हैण्डबाल, बॉस्केटबाल, कराटे, हॉकी, मुर्गा झपट, एवं मलखम्ब कुल 16 खेल विद्याएं आयोजित होगीं। उन्होने कहा कि विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र के साथ ही नकद पुरस्कार डीबीटी के माध्यम से दिया जायेगा। उन्होने बताया कि खिलाड़ियों का पंजीकरण ऑफ लाईन के साथ ही ऑन लाईन के माध्यम से किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरूण शर्मा, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार, जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह ताकुली, खेल समन्वयक माध्यमिक केसव सिंह, बेसिक सुभाष चन्द्र, सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेरेन्ट्स ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक में पेरेन्ट्स ओरिएंटेशन (अभिभावक-अभिविन्यास) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से जिसमें अभिभावकों को होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के उद्देश्य एवं विशेषताओं के बारे में अवगत कराया गया। विद्यार्थियों के विकास को 360 डिग्री विकास को अमलीजामा कोऑडिनेटर श्रीमती सिमरनजीत कौर उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने कहा कि होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों का अकादमिक प्रदर्शन पर ध्यान केन्द्रित करना है बल्कि उनको समग्र विकास के लिए प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने



द्वितीय कक्षा तक के अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अन्तर्गत होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया, पहनाने हेतु अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की भूमिका एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। तथा इसे लागू करने पर विचार किया गया। इसके कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में हेड मिस्ट्रेस श्रीमती शैलजा एवं एक नया प्रयास है,जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है तथा विद्यार्थियों के विकास को 360 डिग्री विकास प्रदान करता है। विद्यालय के डायरेक्टर सुधांशु पन्त ने बताया कि हमारा भी अपने विचार साझा किये तथा विद्यालय द्वारा की गयी पहल की सराहना की। यह पहल प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव प्रयास है, जहाँ विद्यार्थियों का समग्र विकास पहली प्राथमिकता होगी।

## केयर मेडिकल स्टोर का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के सकैनिया रोड तिराहे के समीप केयर मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पूर्व पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि सुरेश कंबोज ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मेडिकल स्टोर के शुभारंभ के शुभकामनाएं सुरेश कंबोज ने संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में एक अच्छे मेडिकल स्टोर की आवश्यकता थी। संचालक



आसिफ अली ने कहा हम बेहतर से बेहतर सभी ग्राहकों को सेवा देने का काम करेंगे। हमारे यहां अंग्रेजी एवं पशुओं के दवाओं का बिक्री की जाएगी, उन्होंने कहा कि सभी दवाएं होलसेल व रिटेल रेट में मुहैया कराई जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में सिप्ते नबी, हाँजी अलि मौं,अख्तर अली,मुजम्मिल हुसैन,अब्दुल खालिक, मेहंदी हसन, सद्दीक, आरिफ अली, गुलाब, मुनतियाज, सहित कई लोग शामिल थे।

## कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक युवक को पुलिस द्वारा लगभग 100 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान द्वारा उप निरीक्षक पवन जोशी एवं अन्य पुलिस टीम के साथ जसपाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी बिंदु



खेड़ा थाना रुद्रपुर को 100 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल और प्लास्टिक के कट्टे में कच्ची शराब के लगभग डेढ़ सौ पाउच और ट्यूब में लगभग 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि उधम सिंह नगर के कप्तान मणिकांत मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत समय-समय पर पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है साथ ही जसवीर सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि पुलिस टीम समाज को नशा मुक्ति बनाने के लिए तत्पर है। इस दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल दीपक जोशी, गोरखनाथ व कुन्दन सिंह मौजूद थे।

## होली चाइल्ड की छात्रा शगुन का राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा शगुन सिंह ने उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगह पर आयोजित हुई एथलीट प्रतियोगिता में एक स्वर्ण एवं तीन रजत पदक अर्जित कर अपने माता-पिता, विद्यालय व कोच का नाम रोशन किया तथा आगामी राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान बनाया। उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता के 18 वर्ष से कम बालिका वर्ग लंबी कूद में स्वर्ण पदक, दिनाँक 22 से 24 सितंबर 2024 तक आरवी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, नोएडा में आयोजित सीबीएसई एथलेटिक्स क्लस्टर में लंबी कूद एवं ऊंची कूद में रजत पदक तथा दिनाँक 24 से 27 सितंबर तक पंतनगर यूनिवर्सिटी में आयोजित पांचवी ओपन राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता के हाई जंप में रजत पदक अर्जित किया। इसी के साथ शगुन सिंह का चयन 6 से 10 अक्टूबर 2024 तक संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल, वाराणसी में आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है एवं 10 से 12 अक्टूबर 2024 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित होने वाली 35वीं नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करेंगी। इससे पहले शगुन सिंह नॉर्थ जोन में दो स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक अर्जित कर चुकी हैं। अक्टूबर माह में ही एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भुवनेश्वर मे आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगी। शगुन को उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागेन्द्र शर्मा (क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव क्रीड़ा परिषद, कुमाऊँ विश्वविद्यालय- नैनीताल, अध्यक्ष जिला ओलम्पिक एसोसिएसन, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड) ने शगुन को बधाई दी तथा भविष्य में और कीर्तिमान बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजूकेशन) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



## नारद मोह लीला का हुआ मंचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला मैदान में कुमाऊ की प्राचीनतम रामलीला मंचन का गत सायं शुभारंभ हुआ। पहले दिन नारद मोह लीला में विश्वमोहिनी का स्वयंवर, शिवगणों तथा भगवान को शाप और नारद का मोह भंग लीला का मंचन हुआ।व्यास गद्दी पर पंडित गोपाल दत्त शास्त्री जी विराजमान रहे। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदीप जनौटी, मनोज गुप्ता, अमित जोशी ,मधुकर श्रोत्रिय, हीरालाल साहू, मंजू वार्ष्णेय, स्नेह लता गुप्ता, शेखर गर्ग, सुशील शर्मा, सौरभ अग्रवाल, तरंग अग्रवाल, तनुज गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पंडित रितेश जोशी आदि उपस्थित रहे।








# स्वस्थ लाईफस्टाइल एवं खानपान के लिए रहें जागरूक

## द मेडिसिटी अस्पताल द्वारा वर्ल्ड हार्ट डे पर आयोजित मैराथन में अरुण, शिवकी व नेगी ने मारी बाजी





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्ल्ड हार्ट डे पर आज प्रातः द मेडिसिटी अस्पताल द्वारा रूद्रपुर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। ताकि लोग अपने हार्ट के प्रति अलर्ट हो जायें। जिसका शुभारम्भ अशोका लैलॅण्ड, के प्लान्ट हैड विस्वजीत मजूमदार एवं एचआर हैड विशाल सिंह द्वारा अशोका लैलॅण्ड, गेट से हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें 18 वर्ष से 60 वर्ष तक एक कैटेगरी में तथा 60 वर्ष के ऊपर अलग कैटेगरी में लोगों ने मैराथन में हिस्सा लिया। द मेडिसिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डाक्टर अभीषेक सकवारिया ने कहा कि हार्ट अटैक आज के दौर में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुका है। हार्ट की बीमारी को अब उम्र से नहीं जोडना चाहिये। इसलिये कोशिश यही रहनी चाहिये की हम खुद के स्वास्थय पर ध्यान दें तथा दिल को स्वस्थ रखने के लिये लोगों को तम्बाकू, धूम्रपान एवं नशीले पदार्थों से भी दूर रहना चाहिये। द मेडिसिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी सर्जन डा० जीतेन्द्र शर्मा ने कहा कि भारत एवं विश्व दिल की बिमारी मृत्यु का सबसे ज्यादा कारण है जिसका कारण हमारी आजकल की लाइफस्टाइल एवं खानपान है, जिसके कारण आजकल कम उम्र में भी हार्ट अटैक की बिमारी हो रही हैं। हमें अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिये खानपान के साथ- साथ ओवरआल हैल्दी लाइफ स्टाइल जीने की जरूरत है। इसलिये यह दिन हृदय की बीमारी के जोखिम को कम करने के उपायों को जागरूक करने का है, लोग जागरूक होंगे तो खुद के स्वास्थय का ख्याल रखेंगे।मैराथन दौड द मेडिसिटी अस्पताल पंहुचकर सम्पन्न हुई। जिसमें प्राइज वितरण सुरेश परिहार द्वारा द मेडिसिटी अस्पताल पहुंचकर किया गया। उन्होंने कहा कि हृदय रोगों से बचने के लिये हमें अपने खान पान पर ध्यान देना होगा तथा नियमित व्यायाम करने पर जोर दिया, ऐसा करने से हम काफी हद तक हम अपने हार्ट को मजबूत बना सकते हैं। द मेडिसिटी अस्पताल के निदेशक डा० दीपक छावड़ा ने कहा कि शहरी जीवनशैली में शारीरिक श्रम घटता जा रहा है, लोगों का पैदल चलना छूट गया है थोडी दूर भी लोग पैदल चलकर नहीं गाड़ियों या यातायात के अन्य साधनों का प्रयोग उपयोग में लाते है। जिससे शारीरिक श्रम नहीं हो पा रहा है। जो युवाओं को प्रभावित कर रहा है इसलिए सभी का जागरूक होना होगा और दिल का ख्याल रखना होगा। हृदय को स्वस्थ रखने के लिये तेज पैदल चलना एवं व्यायाम बहुत जरूरी है। मैराथन में करीब 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा सभी प्रतिभागियों के स्वस्थ जीवन की कामना की एवं विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। 18 वर्ष से 60 वर्ष तक कैटेगरी के पुरूष वर्ग में प्रथम अरूण राना, द्वितीय नीरज नेगी तथा तृतीय अजय ओरोन रहे। महिला वर्ग में प्रथम डा० शिवकी, द्वितीय डा० प्राची तथा तृतीय मंजू शर्मा रही। जबकि 60 वर्ष से उपर की कैटेगरी में प्रथम टीएस नेगी,द्वितीय अशोक चावला तथा तृतीय गिरिश चन्द रहे।इस मौके पर द मेडिसिटी अस्पताल के निदेशक डा० दीपक छावड़ा, रोहताश बत्रा, राहुल चंद, डा० अभिषेक सकवारिया, डा० जितेन्द्र शर्मा, डा० अविनाश पाल, डा० रशिकर, डा० योगेन्द्र सिंह भाकुनि, डा० संजय समेत अन्य चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ मौजूद था।





# डीएम ने किया 31वीं वाहिनी के स्थापना दिवस मेले का शुभारंभ

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध,स्टालों पर खूब हुई खरीददारी







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी का 54 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर वाहिनी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय मेले का गत सायं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुभारंभ किया और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत उद्धघाटन किया। वाहिनी की सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी सहित अन्य अधिकारियों ने बुकेट भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर डीएम उदयराज सिंह ने वाहिनी की सेनानायक प्रीति प्रियदर्शिनी सहित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को वाहिनी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाने के साथ ही जन सुरक्षा के कार्य में पीएसी का कार्य हमेशा सर्वोत्तम रहा है। जिलाधिकारी ने परिसर में विभिन्न उत्पादों के लगाए गए स्टालों में जाकर सभी का उत्साहवर्धन किया और कई वस्तुओं के बारे में जानकारी भी ली। जिसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। जिसमे कुमाऊनी लोकगायक जितेन्द्र तोम्क्याल, कुमाऊनी लोकगायक ( कुमाऊं की मिनी मीना राणा ) बेबी प्रियंका, लोकगायक सीमा विश्वकर्मा, सांकृतिक कार्यक्रम पार्टी मां नैना पुष्कर महर पार्टी खटीमा, कांस्टेबल मुकेश कुमार, वाहिनी कुमाऊनी गायक ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर उन्हें गीत संगीत की धुन में झूमने पर मजबूर कर दिया। मेले के शुभारम्भ के समय वाहिनी पुलिस बैण्ड एवं वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम द्वारा भी मधुर धुनों से मेले में आये लोगों को मंत्रमुग्ध किया गया। इससे पूर्व प्रातःकाल शस्त्र पूजन किया गया तथा दिन में मेडिसिटी हॉस्पिटल, रुद्रपुर के चिकित्सकों द्वारा पारिवारिक सदस्यों व जवानों के लिये स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संध्याकाल में उदय राज सिंह, जिलाधिकारी द्वारा श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी की उपस्थिति में मेले का उद्घाटन कर मेला परिसर का भ्रमण कर वहॉ पर लगी स्टॉलों में लगे सामान की खरीददारी की गयी एवं खाद्य पदार्थो का आनन्द लिया गया।मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक झूले, खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां, महिला, साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, लकडी से बने सामान, खुर्जा की क्राकरी, पिलखवा की चादरें, विभिन्न खेलों,मेरठ के स्पोर्ट्स का सामना, खाद्य सामग्री, स्वादिष्ठ पकवान, वस्त्रों आदि के स्टॉल लगाये गये हैं। मेले का मुख्य आकर्षण का केन्द्र लक्की ड्रॉ है जो आगामी 2 अक्तूबर की रात्रि निकाला जाएगा। जिसमें विजेताओं को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये जायेगें। इस अवसर पर डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उपसेनानायक, तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा समस्त 31वी वाहिनी पीएसी परिवार उपस्थित रहा।



# महिलाओं के लिए मॉडल कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन

गदरपुर(उद संवाददाता)।करतारपुर रोड, उधमसिंह नगर में महिंद्रा फार्म डिवीजन, रुद्रपुर और सेन्टम फाउंडेशन के सयुक्त तत्वाधान में महिलाओ के विकास को लेकर कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में पांडुरंग चव्हाण (प्लांट हेड-महिंद्रा रुद्रपुर प्लांट), अमिताव दत्ता (सीएसआर मैनेजर-महिंद्रा रुद्रपुर प्लांट) गुलाम गौस - (पूर्व अध्यक्ष गदरपुर नगर पालिका) और देबजीत पॉल (वरिष्ठ प्रबंधक-सेंटम फाउंडेशन) अरविन्द सिंह सेंटर मैनेजर ,तारीक उल्हा खान, अमित कुमार, अमृता रानी, गुंजन, शगुन, शीतल, मनीषा, अभय, निखिल, रवि उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण सेंटर से 330 महिलाओ को वेयरहाउस पैकर कोर्स पर मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे उन्हें लॉजिस्टिक क्षेत्र की कंपनियों में नौकरी मिल सके।







# इस बजरंगी के प्यार में कहीं पागल ना हो जाऊं...

## बाबा भक्त मण्डल की ओर से आयोजित श्री बाला जी दरबार एव श्याम संकीर्तन में मोना मेहता और राजू बावरा ने मचाई धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बालाजी भक्त मण्डल की ओर से आदर्श कॉलोनी में आयोजित भव्य श्री बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। विख्यात भजन गायिका मोना मेहता एवं राजू बावरा के भजनों पर हजारों श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। देर रात तक विशाल भंडारे की सेवा भी अनवरत चलती रही। बाबा भक्त मण्डल की ओर से आयोजित तृतीय श्री बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, अति विशिष्ठ अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दिवाकर पाण्डेय, समाजसेवी बंशीधर गुम्बर, एडवोकेट डीपी यादव, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, ठाकुर जगदीश सिंह, राजीव चावला, जितेश अरोरा, मुख्य यजमान विजय अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार ,किशन सहगल, संजय ठुकराल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। आयोजक मण्डल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने आदर्श कालोनी में तीसरी बार भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल एवं महामंत्री साहिल आहूजा




सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की सराहना की। दरबार में भजनों की शुरुआत गुरु वंदना और गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा से हुयी। रात 10:30 बजे हरियाणा की मशहूर भजन गायिका मोना मेहता की मंच पर एंट्री हुयी। उन्होंने एक के बाद एक सुंदर भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान मोना मेहता ने मेहंदीपुर के बालाजी हमें तेरा सहारा है, चाहे जितना मुझे जला लो रे, घाटे वाले से जिनका संबंध है उनके घर में आनंद ही आनंद है, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे, श्याम ही तेरे काम आएंगे, बालाजी का उत्सव आया, इस बजरंगी के प्यार में कहीं पागल ना हो जाऊं, बालाजी से मिला तो यह कमाल हो गया मैं तो रातों रात मालामाल हो गया, ना धन दौलत में मांगू ना ही वोट बालाजी बस थारे नाम की चाहिए मने सपोर्ट बालाजी, हम देख तेरा दरबार,दीवाने हो गये, चलो मेहंदीपुर दरबार बाबा मने प्यारो लागे मने प्यारो लागे, मैं के बोलूं बालाजी तने सब बाता का फेरा से पिछले साल बड़े तारे पर अब के नंबर मेरा से, मेहंदीपुर के रण रंगी सालासर के बजरंगी दोनों भक्तों के रखवाले हैं, सेवक नहीं है हनुमान के जैसा दाता नहीं श्रीराम के जैसा, श्री राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, राम बस्ता मेरे में मेरा राम बस्ता आदि भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति रस में गोते लगाने को मजबूर कर दिया। इसके बाद आगरा से पहुंचे प्रसिद्ध भजन गायक राजू बावरा ने भजन सुना कर पंडाल में बैठे भक्तों को भजनों से साराबोर कर दिया। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते नजर आये। देर रात भोग और आरती के साथ दरबार और सँकीर्तन का समापन हुआ। दरबार से पूर्व विशाल भंडारा आयोजित हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जगदीश भुसरी, वेद प्रकाश छाबड़ा ,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, बॉबी टुटेजा, अमित जिंदल, विनीत जैन,कमल अरोरा, ,बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अशोक सिंह ,हरीश मुंजाल,आशीष मुंजाल,राहुल सरीन,संदीप मनोचा, सन्नी खुराना गौरव खुराना, हरीश ठुकराल , हनीश ग्रोवर,हरीश अरोरा, राहुल,आकाश बठला, अभिषेक गुप्ता, संजय अग्रवाल, आकाश भुसरी, रामचंद्र भुड्डी,गौरव बुड्डी, मंगल सिंह ग्रोवर, जतिन नागपाल, रोशन तागरा, शिवम तागरा, आशु चौधरी,आयुष तनेजा, बंटी सहगल, भुवनेश,चीनू आहूजा, रामचंद्र आहूजा, गौतम अहूजा, मनोज मुंजाल, केतन बांगा, किशन सहगल, इंद्र मदान, विजय अग्रवाल, मानस अग्रवाल, संदीप अरोरा, नरेश गुलाटी, पवन कटारिया, पवनदीप, राजेंद्र फुटेला, राजू गोयल, सुशील अरोड़ा, राजकुमार सीकरी, सोनू गुंबर,सुमित सहगल,सुरेंद्र फटेला ,तुषार आहूजा वैभव वर्मा विशाल फुटेला, तेजस आदि थे।

## संकीर्तन सफल होने पर जताया आभार

रूद्रपुर। बाबा भक्त मण्डल की ओर से आदर्श कालोनी में आयोजित तृतीय श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन की सफलता पर बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने सभी सहयोगियों एवं दरबार में पहुंचे भक्तों का आभार व्यक्त किया है। श्री मुंजाल ने कहा कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से आयोजन सफल हो पाया। कार्यक्रम में उम्मीद से अधिक इतनी भीड़ जुटी कि पंडाल छोड़ा पड़ गया। इसके अलावा भंडारे में भी इस बार पहले से कहीं अधिक भीड़ जुटी। हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री मुंजाल ने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बाबा भक्त मण्डल की टीम पिछले एक महीने से जुटी थी। उन्होंने पूरी टीम को बधाई देने के साथ ही आयोजन में सहयोग देने वाले सभी धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।













# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मिलावटी घी का प्रसाद

तिरुपति में कथित चर्बी और मछली के तेल से बने मिलावटी घी के लड्डू विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त नसीहत दी है। हांलाकि सर्वोच्च न्यायालय ने मिलावटी घी से बने प्रसाद बनाने की जांच को प्रमुखता से प्रमाणित किये बिना ही करोड़ों लोगों की आस्था से खिलवाड़ करने को लेकर राजनेताओं से कहा है कि कम से कम भगवान को राजनीति से दूर रखें, यह लोगों की आस्था का मामला है। अदालत ने कहा कि जब आप एक संवैधानिक पद पर होते हैं, तो आपसे उम्मीद की जाती है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखेंगे। जब इस मामले में जांच चल ही रही थी तो फिर इसे मीडिया में उछालने का क्या मतलब था। दरअसल, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के रूप में बनने वाले लड्डुओं में मिलावटी घी का इस्तेमाल होता था। शीर्ष अदालत ने भी सवाल किया कि इस बात का सबूत कहां है कि यही वह घी है, जिसका इस्तेमाल लडडू बनाने में हुआ।दरअसल, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि पिछली सरकार के समय तिरुपति बालाजी के प्रसाद में पशु चर्बी का उपयोग होता था। उसके बाद इस मामले ने खासा तूल पकड़ लिया। हालांकि इस आरोप के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने राजनीतिक लाभ के लिए भगवान का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। मगर तब तक इसे लेकर विवाद काफी बढ़ गया। इस बात को लेकर भी चर्चा ने जोर पकड़ लिया कि तिरुपति में घी की आपूर्ति में किस तरह घपला किया गया होगा। स्वाभाविक ही इस विवाद का असर लोगों की आस्था पर पड़ा है। तमाम विपक्षी दल इस बात की नसीहत देते देखे गए कि मंदिरों की पवित्रता के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। मगर चंद्रबाबू नायडू की राजनीतिक मंशा उस समय फिर जाहिर हो गई, जब जगनमोहन रेड्डी के तिरुपति मंदिर में प्रवेश को लेकर अड़चन पैदा कर दी गई। जगनमोहन रेड्डी तिरुपति मंदिर जाना चाहते थे, पर उनसे कहा गया कि वे पहले प्रपत्र भर कर अपना धर्म जाहिर करें। इस पर रेड्डी ने अपनी तिरुपति यात्रा रद्द कर दी। इस तरह तिरुपति प्रसाद का मामला आंध्र प्रदेश के दो दलों की राजनीतिक लड़ाई बन गई। आरोप से पहले उसके पुख्ता आधार सामने आने का इंतजार नहीं किया गया और राजनीतिक हित साधने की हड़बड़ी में आस्था और भगवान को मोहरा बनाने की कोशिश की गई। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मंदिरों की पवित्रता किसी भी रूप में भंग नहीं होनी चाहिए। ये लोगों की आस्था के स्थान होते हैं। मगर यह बात राजनीतिक दलों को ज्यादा समझने की है कि देवताओं का इस्तेमाल वे राजनीति के लिए न करें। पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति कुछ अधिक बढ़ी है कि चुनाव के समय राजनेता मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए जाते और फिर उसका समाचार प्रसारित कर अपनी आस्था को आमजन की आस्था से जोड़ने का प्रयास करते हैं। उसमें कई मौकों पर किसी राजनेता के प्रवेश से मंदिरों के अपवित्र होने का मुद्दा भी उठाया जाता है। लोगों की आस्था को भुनाने का खेल जिस तरह राजनीति में देखा जाने लगा है, उसी का नतीजा है कि तिरुपति बालाजी के प्रसाद पर सवाल उठा कर जनाधार बढ़ाने की कोशिश की गई। विडंबना यह है कि बहुत सारे लोग तर्क-वितर्क से किसी मुद्दे की सच्चाई समझने का प्रयास नहीं करते। उन्हें अपनी आस्था पर भरोसा होता है। ऐसे विवाद से उन लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचती है। इस तरह लोगों की आस्था से खेल कर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश हमारे संवैधानिक मूल्यों पर भी आघात है।

# 250 करोड़ का ठेका एनसीसीएफ को देने का होगा विरोध

## महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला ने किया टेंडर प्रणाली का विरोध

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गोपा धपोला ने राज्य सरकार पर महिलाओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है। कहा कि सरकार एक ओर महिला सशक्तीकरण की बात करती है। जबकि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय से स्वरोजगार की दृष्टि से पोषाहार राशन योजना के तहत वितरित की जाने वाली राशन को अब भारत सरकार के स्वामित्व वाले संस्थान एन.सी.सी.एफ. के माध्यम से वितरित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। यहां जारी बयान में गोपा धपोला ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में संचालित लगभग 10 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा वर्ष 2013 से राज्य के महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अधीन आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं 6 माह से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण कराने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना से प्रदेशभर के लगभग 9 लाख लोग



लाभान्वित हो रहे है तथा टी.एच.आर. योजना से 2 लाख महिलायें जुडी हुई हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों से टी.एच. आर. का कार्य छीनकर माह अप्रैल 2021 में ई-टेंडरिंग के माध्यम से बडे ठेकेदारों को यह कार्य सौंपे जाने के लिए निविदायें जारी कर दी गई थी, जिसके विरूद्ध राज्य के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आन्दोलन करने के साथ ही उच्च न्यायालय की शरण ली गई। 25 नवम्बर 2021 को उच्च न्यायालय द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के पक्ष में निर्णय देते हुए यथा स्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये गये जिसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा टीएचआर. का भुगतान रोक कर महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रताडित किया गया।महिला कांग्रेस अध्यक्ष गोपा धपोला ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा टेकहोम राशन की टेण्डर प्रक्रिया का विरोध करने पर उच्च न्यायालय द्वारा मुहर लगाते हुए टेक होम राशन की टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी साथ ही उच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए सरकार से जवाब मांगा था कि आखिर स्वयं सहायता समूह को इस टेंडर प्रक्रिया से दूर रखने की साजिश क्यों की गई। उन्होंने कहा कि 2021 में करीब 40,000 से ज्यादा महिलाओं के स्वरोजगार पर इस टेंडर प्रणाली के चलते खतरा मंडरा रहा था परन्तु हाईकोर्ट के आदेश से स्वयं सहायता समूह को थोड़ी राहत मिली थी। इसके उपरान्त नवम्बर 2022 में राज्य सरकार द्वारा इस योजना को यह कहते हुए बंद कर दिया गया कि भारत सरकार के आदेशों का पालन किया गया है।अब एक बार फिर से राज्य सरकार द्वारा बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाये हुए 250 करोड़ का ठेका भारत सरकार की ऐजेंसी एनसीसीएफ. को देने के लिए मंत्रिमण्डल में प्रस्ताव पास करने की योजना बनाई है।

# एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क, सिंचाई, पेंशन, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, रास्ता विवाद आदि से संबंधित मुद्दे छाये रहे। वहीं तहसील दिवस में आये 9 प्रार्थना पत्रों में से एसडीएम ने अधिकाश प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया। जबकि अन्य समस्याओं के लिए प्रार्थना पत्रों



को संबंधित विभागों को भेजा गया। तहसील परिसर में मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रुचि लेकर हल करें। किच्छा एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस के अलावा विभिन्न अवसरों पर मिलने वाले फरियादियों को शालीनता एवं तन्मयता से सुना जाये और समस्याओं का निस्तारण एवं समाधान उचित ढंग से किया जाये।

# टिहरी में ततैया के झुंड के हमले से पिता पुत्र की मौत

टिहरी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के टिहरी में दर्दनाक हादसा हो गया। जौनपुर ब्लॉक के ग्राम सभा तुनेटा में ततैया के काटने से पिता पुत्र की मौत हो गई ।जिससे पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, बीते दिन सुंदरलाल (47) निवासी ग्राम तुनेटा अपने आठ वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ गाय चराने जंगल की ओर जा रहे थे। तभी अचानक कई ततैया ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया गया। सुंदरलाल अपने पुत्र को बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गए, लेकिन इसके बावजूद दोनों पर ततैया का हमला जारी रहा। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली तो वह दोनों को उप जिला चिकित्सालय मसूरी लेकर गए। जहां पर



डॉक्टरों ने दोनों का उपचार किया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण दोनों की मौत हो गई। डॉक्टर के एस चौहान ने बताया कि ततैया द्वारा दोनों को बहुत ही बुरी तरीके से काटा गया था। डॉक्टरों द्वारा प्रयास करने के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका । पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्राम प्रधान गोविंद सिंह ने बताया कि परिवार में सुंदरलाल ही घर का भरण पोषण करते थे, उन्होंने मांग की कि वन विभाग द्वारा इन्हें उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# श्री हरि चैतन्यपुरी पहुंचे चित्रकुट हरी कृपा आश्रम

## 3 से 12 अक्टूबर तक नवरात्रि महोत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम कामां राजस्थान के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के आज यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर में पधारने पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय, स्थानीय व दूरदराज से आए भक्तजनों ने फूल मालाएँ पहनाकर, पुष्प वृष्टि करते हुए आरती उतारकर श्री गुरू महाराज 'कामां के कन्हैया' व लाठी वाले भैय्या' की जय जयकार के साथ पूर्ण धार्मिक रीति से भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया।आगामी 3 से 12 अक्टूबर तक नवरात्रि महोत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन श्री हरि कृपा आश्रम में स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में होगा।गत 38 वर्षो से लगातार श्री महाराज जी के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले नवरात्रि महोत्सव में पूरे प्रदेश के विभिन्न स्थानों से, देशभर के विभिन्न प्रांतों से व विदेशों से भी श्रद्धालु रोज हजारों की संख्या में पहुँचते हैं।श्री महाराज जी ने विश्व शांति एंव भारत की समृद्धि एंव खुशहाली की कामना से श्री दिव्येश्वर महादेव का अभिषेक किया।उल्लेखनीय है कि श्री महाराज जी देश भर की हजारों मील की पद यात्रा करके लोगों को नदियों के प्रदूषण, गौहत्या व गायों की दुर्दशा, नशा व बुरे व्यसनों, ढोंग, पाखंड व अंधविश्वासों के विरुद्ध जागरूकता पैदा कर चुके हैं।दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व धर्म संसद व यूनिवर्सल पीस कांफ्रेंसजिसमें 102 देशों के प्रतिनिधि, अनेक राष्ट्राध्यक्ष व सवा लाख लोग एकत्रित हुए उसमें भारत का प्रतिनिधित्व करके श्री महाराज जी ने भारत का गौरव बढ़ाया। महाराज जी को बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर ऑफ इण्डिया, इन्टरनेशनल बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर इन हिन्दू मैथलॉजी, पर्यावरण रत्न, ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमंस में भारत गौरव व ताशकंद में इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड इन पीस एंड डिवोशन के अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। संपूर्ण भारत वर्ष की पदयात्रा करके व आज तक हर क्षेत्र में जाकर भारतीय अध्यात्म का प्रचार रहे है। श्री महाराज जी ने श्री दिव्येश्वर महादेव का अभिषेक विश्व शांति एंव भारत की समृद्धि एंव खुशहाली की कामना से किया।



# जल शक्ति अभियान कैच द रेन के कार्यों की समीक्षा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नोडल अधिकारी/उप सचिव जल शक्ति अभियान कैच द रैन तरूणा डोलिया ने तकनीकी अधिकारी सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड देबोज्योति मंडल के साथ विकास भवन सभागार में जल शक्ति अभियान कैच द रैन 2024 के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक ली। उन्होने सभी कार्य सइंटिफिक तरीके से कराने व रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करने को कहा। नोडल अधिकारी/अधिशासी अधियंता सिंचाई पीसी पाण्डे ने बताया कि सम्बन्धित विभागों द्वारा नदियों व् उनके कैचमेंट एरिया को चिन्हित हुए वनीकरण कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा क्रिटिकल जल श्रोतो, जल धाराओं, नदियों व जलाशयों का संरक्षण एवं सवंर्द्धन हेतु कार्ययोजना बनाते हुए कार्य किये जा रहे है। उन्होने बताया कि सिचाई विभाग द्वारा कल्याणी नदी के पुर्नजीवितीकरण कार्य योजना बनाने के साथ ही अन्य नदियों, व जलाशयों के डिसिल्टिंग व् सफाई कार्य किया गया



जिससे जल संग्रहण क्षमता बढ़ी साथ ही वर्षा काल में जिन स्थानों पर भूजल स्तर गिर रहा है उन क्षेत्रों को चिन्हित कर रिचार्ज पिट, रिचार्ज शाफ्ट, अमृत सरोवर बनाये गये है व रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक निर्माण कार्य तथा अधिक से अधिक पौधारोपण आदि कार्य किये जा रहे है। परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने बताया कि जल संरक्षण संवर्द्धन के लघुकालीन व दीर्घकालीन प्रस्ताव बनाकर कार्य किये जा रहे है ये सभी कार्य साइंटिफिक तरीके से करने के साथ ही रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जेजएम के अन्तर्गत लगभग 95 प्रतिशत लोगों के घरों में जल संयोजन किये जा चुके है, आगामी दिसम्बर माह अंत तक शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होने बताया कि जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए वर्षा काल से पूर्व व वर्षा काल के बाद में जल श्रोतो, नलकूपों के पानी की टेस्टिंग भी की जाती है। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, पेयजल निगम सुनील जोशी, नलकूप आरके सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई विशाल प्रसाद, सुधीर कुमार, दीप चन्द्र पंत, नरायण राम, एडीपआरओ महेश कुमार, वरिष्ठ निरीक्षण मत्स्य रविन्द्र कुमार, जीआईएस एक्सपर्ट डॉ0 तंसीर आलम खान सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद थे।

# डीएम ने किया कोषागार का निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार को कोषागार को अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पटलों के कार्यो की जानकारी ली तथा डबल लॉक में रखें स्टाम्प, अमानती वस्तुएं, अभिलेखों का निरीक्षण किया व पंजिकाओं की जानकारियां ली गई। मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल ने जिलाधिकारी को डबल लॉक, कोर्ट फीस टिकट, स्टांप सहित विभिन्न प्रकार के स्टाम्प की जानकारियां दी। जिलाधिकारी ने पैड लॉक, बहुमूल्य वस्तुओं व अन्य पंजिकाओं की भी जानकारियां ली।निरीक्षण के दौरान मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, सहायक कोषाधिकारी हरीश चन्द्र पंत आदि मौजूद थे।



# कलाकारों को पुरस्कार वितरण के साथ रामलीला का समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा में श्री श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा कमेटी की ओर से आयोजित भगवान श्री राम की लीला के मंचन के अंतिम दिन लीला का शुभारम्भ भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने दीप जलाकर किया।





साथ ही समापन पर रामलीला कलाकरों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजकों ने भाजपा प्रदेश मंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समापन समारोह में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम समाज के लिए आदर्श और परम पूजनीय हैं। रामलीला समाज को सही मार्ग पर चलना सिखाती है। मर्यादा में रहकर ही किसी व्यक्ति को कोई कार्य करना चाहिए। रामलीला से हर व्यक्ति को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राम लीला में भगवान श्रीराम ने रावण रूपी बुराई के उपासक को खत्म कर लोगों को सत्य के प्रति जागरूक किया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एक आदर्श पुरुष थे जिन्होंने पिता की आज्ञा के पालन के लिए वनवास काटा। आज की युवा पीढी को भी अपने माता-पिता की आज्ञा माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामलीला का आयोजन तभी सार्थक होगा जब रामलीला से सीख लेकर आदर्शों को जीवन में उतारा जाये। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन करने वाली मंडली को सम्मानित करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर परभाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, सुरेश कोली, धीरेश गुप्ता, मयंक कक्कड़, यादराम कोली, लालमन कोली, शंकर कोली, किशन कोली, धर्म सिंह काली, सुनील ठुकराल, देव मेनन, कल्लू राम, यादराम कोली, चन्द्रसेन चंदा, महेन्द्रपाल, विक्की पाल, भगवान दास, लालमन कोली, राहुल कोली, सोनू कोली, राजू श्रीवास्तव, सुनील कोली, धर्मेन्द्र कोली, राकेश कोली, धर्मवीर कोली, राजकुमार कोली, प्रताप कोली, ओमप्रकाश कोली, मुन्ना लाल, राजकुमार कोली, रोशन लाल, राजेश कोली, राम बहादुर कोली, सुरेश, रमेश कोली, राहुल आर्या, अमित कोली, सोनू, अंकित पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# गाली गलौच कर मारपीट करने का आरोप, प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुरेश गौतम पुत्र रामदास निवासी शिवनगर ने समाज के लोगों के साथ पुलिस को दिए एक शिकायती पत्र में कुछ ठेली वालों पर जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुरेश का कहना है कि 24 सितंबर को वह अम्बेडकर पार्क में एक दिवसीय धारना प्रदर्शन में सम्मिलित हुआ। अम्बेडकर पार्क को अतिक्रमण से मुक्त कराने को लेकर वह ठेली वालों के पास समर्थन के लिए गया तो उन्होंने इसका विरोध किया और कहने लगे कि उन्हें कहा गया है कि ठेली लगाओ किसी प्रकार का समर्थन मत करो। व्यक्तियों द्वारा जब पुनः समर्थन की बात कही गई तो उन्होंने उनके



साथ अभद्र व्यवहार किया। जब इसका विरोध किया गया तो उक्त व्यक्तियों द्वारा उसके ऊपर हमला कर दिया। उपस्थित व्यक्तियों ने जब बीच बचाव किया गया तो उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले को लेकर अंबेडकर साहब के अनुयायियों ने प्रदर्शन भी किया। इस दौरान किरनपाल सिंह, विजय सागर, प्रह्लाद, राकेश, नन्हे, राजू, राजकुमार, रणजीत, कांति कोली, दीपक सागर, सुशील कुमार, आदि मौजूद थे।

# शुक्ला के हस्तक्षेप के बाद धौरा जलाशय से छोड़ा पानी

किच्छा (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के हस्तक्षेप से धौरा जलाशय से पानी छोड़ दिया गया है। इस पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का आभार जताया। बताते चलें कि कल पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने ग्राम नजीबाबाद धौरा जलाशय में बढ़े पानी से प्रभावित बस्तियों का दौरा किया था जहां प्रभावित परिवारों ने घरों में घुसे पानी एवं खेतों की फसलों का हो रहा नुकसान से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को अवगत कराया था एवं मदद की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मौके पर ही उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन धौरा जलाशय से पानी छोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई



मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से टेलीफोनिक वार्ता की थी एवं उनसे अधिकारियों को निर्देशित करने का निवेदन किया था, सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को आश्वस्त किया था कि जल्दी इस कदम इस समस्या के समाधान के लिए ठोस निर्णय लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से रूहेलखंड सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने भी संपर्क कर वार्ता की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सैकड़ो ग्रामीणों के साथ दौरा डैम पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता की जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ अवर अभियंता दाऊ दयाल शर्मा भंगा व शहदौरा स्लूस पहुंचकर उसे खुलवाया, अवर अभियंता दाऊ दयाल शर्मा ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को बताया कि भंगा स्लूस खुलने से जलाशय का पानी सीधे गोला नदी में पहुंचेगी और 24 घंटे में 600 एकड़ फीट पानी धौरा जलाशय से कम हो जाएगा। डैम के जलस्तर बढ़ने से प्रभावित सैकड़ो ग्रामीणों में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद दिया।

# 36 बच्चों की माताओं को मिला कमला नेहरू पुरस्कार

गरुड़(उद संवाददाता)। नीमा बड़सीला, खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ में स्व. कमला नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। चयनित 36 छात्र-छात्राओं की माताओं को एक-एक हजार रुपए की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि मां ही बच्चे ही प्रथम शिक्षिका होती है। मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में उनकी माताओं का विशेष योगदान होता है। मुख्य वक्ता पूर्व प्रधानाचार्य व संघ के जिला संघ चालक रणजीत सिंह भंडारी ने कहा कि विद्या भारती के स्कूल संस्कारों के साथ बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए राजकीय महाविद्यालय गरुड़ के प्रभारी प्राचार्य डा. अवधेश तिवारी ने कहा कि विकासखंड में सर्वाधिक 36 पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। कहा कि बच्चे पॉजिटिव सोचें और एक निर्धारित लक्ष्य बनाएं। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने कहा कि बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत से ही विद्यालय को यह सम्मान मिला है। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गणेश उपाध्याय, दीप चंद्र तिवारी, श्यामाचरण पाटनी, उमेश सिंह आदि मौजूद थे

# श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज के दो छात्रों का राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में चयन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता के दो छात्रों का चरण राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिस पर विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है, गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सरदार तरसेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया गत दिवस हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी की प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग में छात्र वैभव कुमार 100 मीटर की तैराकी की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि 17 वर्ष



आयु वर्ग में छात्र सतनाम सिंह ने 100 मीटर और 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रधानाचार्य ने बताया कि दोनों छात्रों का राष्ट्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिता में चयन किया गया है,जो की प्रतियोगिता नवंबर माह में आयोजित की जाएगी, छात्रवृत्ति के पिता डॉ प्रशांत विश्वास गुरु नानक इंटर कॉलेज में अध्यापक है, दोनों छात्रों के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय के अध्यापक संपूर्ण सिंह निर्मल सिंह हरपाल सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।

# यू डायस नहीं भरने वाले विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। यू डायस का प्रपत्र आनलाइन नहीं भरने वाले विद्यालय के प्रधान शिक्षकों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। यू डायस नहीं भरने वाले विद्यालयों को यू-डायस ऑनलाइन नहीं करने वाले स्कूलों के



प्रधान शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें सोमवार को तकनीकी विशेषज्ञ सुभाष सिंह ने गदरपुर के एक निजी स्कूल में मीटिंग के दौरान कही। जिला के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में से कईयों ने अब तक यू-डायस नहीं भरा है। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों ने यू-डायस की इंट्री अब तक नहीं की है। निर्धारित तिथि में कार्य पूरा न होने पर बेसिक स्कूलों के शिक्षकों पर कार्रवाई भी हो सकती है। इसके अलावा प्राइवेट स्कूलों की मान्यता पर कार्रवाई भी की जा सकती है। डाटा न भरा जाने पर भारत सरकार से स्वतः स्कूल बंद हो सकते हैं। यू-डायस पर शिक्षक, छात्र-छात्रा का नाम व अन्य जानकारी, शिक्षक प्रोफाइल और फैसिलिटी समेत अन्य जरूरी जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन इसमें स्कूलों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**शातिर अमरीक गैंग..**को अमजद अली, शरद गर्ग, साहिल को उत्तर प्रदेश व हरियाणा से जबकि रणवीर को हरियाणा से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना बाबा अमरीक को 20 जुलाई को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपित संजीव कुमार तथा संजय गुप्ता लगातार फरार चल रहे थे जिनके विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुए थे। 23 सितंबर को पुलिस ने आरोपित संजय गुप्ता को कचहरी परिसर से गिरफ्तार किया। रविवार को राजपुर थाना पुलिस की टीम गिरोह के अंतिम व मुख्य सदस्य संजीव कुमार की संपत्ति की कुर्की व उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके निवासी यमुनानगर हरियाणा पहुंची। कुर्की की भनक लगने व गिरफ्तारी से बचने के लिए संजीव कुमार अपने घर से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने मोहंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध विभिन्न राज्यों में धोखाधड़ी संबंधी 18 मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को जमीन दिलाने के एवज में उनके साथ धोखाधडी करता था। गिरोह के सदस्य भोले-भाले लोगों को सस्ते दामों में जमीन बेचने का लालच देकर अपने पास बुलाते थे। लोगों का विश्वास जीतने के लिए बाबा अमरीक की मदद से जमीन की मिट्टी को उठाकर उसे सूंघते हुए लोगों को जमीन उनके लिए उपयुक्त होने का विश्वास दिलाते थे। उनसे जमीन के एवज में मोटी धनराशि लेने के बाद तरह-तरह के बहाने बनाकर जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए बार-बार समय लिया जाता था तथा मौका देखकर सभी आरोपित वहां से फरार हो जाते थे।




**सड़क पर कोई भी..**कहा कि भले ही निर्माण अधिकृत ना हो, लेकिन एक्शन के बाद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सड़क पर देखना अच्छा नहीं लगता है। अगर उनको समय मिले तो वो लोग एक वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि फिलहाल देश भर में तोड़फोड़ पर अंतरिम रोक जारी रहेगी। सॉलीसिटर जनरल ने कहा कि इनमें से मात्र 2% के बारे में हम अखबारों में पढ़ते हैं, जिसको लेकर विवाद होता है। जस्टिस गवई ने इस पर मुस्कुराते हुए कहा बुलडोजर जस्टिस! उन्होंने कहा कि हम निचली अदालतों को निर्देश देंगे कि अवैध निर्माण के मामले में आदेश पारित करते समय सावधान रहें।

**अज्ञात वाहन की ..**बताया जा रहा कि युवक सुनार का काम करता है और हाल ही में उसने गोरापड़ाव गौला गेट के समीप ही अपनी दुकान खोली थी। मृतक को 108 एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए एसटीएच अस्पताल में भिजवा दिया है। कोतवाल ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से जल्द मामले का खुलासा कर देगी। पुलिस ने उसके परिजनों को घटना से अवगत करा दिया है

**आशू की मौत...**विदित हो कि अनीता पत्नी राजेंद्र खुराना निवासी जसपुर ने बीती 22 जुलाई 2024 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके भाई आशु पुत्र श्याम लाल निवासी वार्ड नं 10 आजाद नगर गदरपुर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। अनीता का आरोप है कि उसके भाई आशु को गदरपुर के कुछ लोग लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। जिससे मानसिक तनाव में आने के कारण उसने खुदकुशी कर ली। अनीता ने पुलिस को नामजद रिपोर्ट देकर कार्यवाही की मांग की थीं। जबकि पुलिस ने घटना के दिन आवश्यक कार्यवाही करने के अलावा मृतक के कुछ रजिस्टर भी अपने कब्जे में लिए थे जिसमें लाखों रुपए के लेनदेन का हिसाब नाम सहित दर्ज था। लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस ने कार्यवाही करना तो दूर रिपोर्ट तक दर्ज करना भी जरूरी नहीं समझा। मामले में पुलिस क्षेत्राधिकार अनंतराम आर्य से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है पूरी जानकारी थाना गदरपुर से ही मिल पाएगी। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान से टेलीफोन पर वार्ता की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया वहीं थाने में तैनात एक पुलिस कर्मी ने बताया कि अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है मामले की जांच चल रही है।

**बैग में मिला ...**लिए आज भी एक पहेली बन गया है। किच्छा पुलिस द्वारा गठित विभिन्न टीमों को महिला की पहचान कर पाना असंभव सा प्रतीत हो रहा है। हत्यारे द्वारा हत्या के बाद कोई भी साक्ष्य नहीं छोड़ा है जिससे पुलिस को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कोतवाल सुंदरम शर्मा इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। इसी प्रयास के क्रम में पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही को आगे बढ़ने का प्रयास किया है। सूत्रों की मानें तो पुलिस द्वारा इस हत्या के लिए जिम्मेदार व्यक्ति तक पुलिस ने पहुंचने के लिए ऑनलाइन परचेसिंग पर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि महिला के वस्त्रों से महिला की पहचान कर हत्यारे तक पहुंचा जा सके ।अभी तक दो माह बीतने के बाद भी पुलिस के सारे प्रयास असफल ही साबित हुए हैं।

**प्रिपेड मीटर...**करने वालों में मोनू निषाद, सुशील मंड़ल, राधेश शर्मा, मोनू कश्यप, सरस्वती दास, बीनू, मीना, रजनी, पार्वती, कलावती, सरोज कुमार, बलाई विश्वास, नरेश कुमार, आरती , सरोज विश्वास, अमित विश्वास, तपन चक्रवर्ती, आलो दास सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# श्रवण मरण का मार्मिक मंचन देख दर्शक हुए भावविभोर





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन शुभारंभ निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उनके साथ निवर्तमान पार्षद आयुष तनेजा एवं सुशील चौहान भी उपस्थित थे। श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवम स्मृति स्वरूप प्रतिमा भेंट की गई। निवर्तमान मेयर ने कहा कि रामलीला के आयोजन से हमारी संस्कृति सजीव रहती है और आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार मिलते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक संख्या में रामलीला का अवलोकन करना चाहिए। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने भी श्री शिव नाटक को अपनी शुभ कामनाएं देते हुए बधाई प्रेषित एवं भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने कीशुभकामनाएं दी। रामलीला के मंचन में रावण वेदवती संवाद, मात्र पितृ भक्त श्रवण कुमार, श्रवण मरण, दशरथ को श्राप तक की लीला का मंचन किया गया। जिसमें रावण की भूमिका जीतू गुलाटी , वेदवती सनी घई , दशरथ नरेश घई , श्रवण डंपी चोपड़ा, वशिष्ठ पुष्कर नागपाल , सत्य कीर्ति अभिनव अनेजा, शांतनु विशांत भसीन, ज्ञानवती सनी घई द्वारा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महामंत्री राजकुमार भूसरी, राकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष बबलू घई, उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, मंत्री भारत हुड़िया, विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा आदि थे।

# स्कूली बच्चे करेंगे रामलीला का मंचन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। पर्वतीय आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा इस बार एक नई पहल की गई है।जिसके तहत रामलीला मंचन के मुख्य पात्र शक्ति फार्म के विभिन्न स्कूली बच्चे करेंगे श्री राम के




अभिनव में सौम्या रावत लक्ष्मण के कल्पना रावत माता सीता का यशीता कांडपाल करेंगी इस पर्वतीय रामलीला में अन्य अभिनय भी स्कूली बालिकाओं द्वारा किया जा रहा है। 3 अक्टूबर प्रथम नवरात्र सायं 8 बजे से न्यू ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल देवनगर में आदर्श पर्वतीय रामलीला का भव्य मंचन प्रारम्भ होगा। आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी शक्तिफार्म में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री आदर्श रामलीला मंचन में मुख्य भूमिका में देवी स्वरूप बालिकाओं को मंच पर उतारा गया है।इन बालिकाओं का कहना है कि वह दूसरी बार रामलीला में अभिनय कर रही है।इसके लिए वह काफी उत्साहित है।पर्वतीय आदर्श रामलीला कमेटी महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दूसरी बार भी कमेटी के सभी सदस्यों ने रामलीला मंचन में मुख्य भूमिका में स्कूली बालिकाओं को मंच पर उतारा है।कुछ ही दिनों में इन कलाकारों ने दोहा चौपाई आदि कंठस्थ याद कर लिया है।इस बार स्कूली बालिकाओं द्वारा रामलीला मंचन बड़े ही हर्षोल्लास से किया जायेगा।इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें।

# सीता जन्म के मंचन के साथ रामलीला शुरू

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री रामलीला अनाज मंडी के 70वें वर्ष का शुभारंभ बड़े ही धूमधाम से किया गया। श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, ग्रहण की कि संपूर्ण श्री रामलीला के आरंभ से अंत तक कोई मदिरा एवं मांस का सेवन नही करेगा और सभी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। इसके पश्चात प्रथम दृश्य (सीता कालरा, मुनि भूसरी, अविश अरोरा, युवराज कुमार, शोर्य एवम समस्त कलाकारों ने सुंदर अभिनय कर दृश्य में चार चांद लगाए जिसमे कलाकारों को डायरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुध



कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण अनेजा द्वारा फीता काटकर लीला का आरम्भ किया गया। श्री रामलीला कमेटी एवम श्री राम नाट्य कला परिषद के सभी पदाधिकारी और कलाकारों ने पूजा अर्चना कर शपथ जन्म) को दर्शाया गया जिसमें राजा जनक की भूमिका में दीपक छाबड़ा, कुल गुरु की भूमिका में यश अरोरा, मंत्री की भूमिका में कशिश खुराना, प्रजवासी में उपस्थित रहे प्रवीण गिलहोत्रा, सुनील ा, राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सिद्धार्थ भुसरी, सुभाष खुराना द्वारा निर्देश दिए गए। इस बीच पधारे शिव पार्वती रामलीला की पूरी कमेटी का मंच पर बुलाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# कर्मचारी राज्य बीमा ऑफिस में फैक्ट्री श्रमिक का शोषण

सितारगंज(उद संवाददाता)। सिडकुल की फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक में कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के कर्मचारियों पर उत्पीड़न, शोषण का आरोप लगाया है। श्रमिक ने आरोप लगाया है कि बीमारी के बावजूद नौकरी ज्वाइन करने




के लिए उसका मेडिकल फिटनेस नहीं बनाया जा रहा है। नगर के वार्ड नंबर चार निवासी रघुवीर सिंह सिडकुल की पारले फैक्ट्री में कर्मचारी हैं। 16 सितंबर को बुखार उल्टी घबराहट होने के कारण उन्हें शहर के निजी अस्पताल में एडमिट कराया। जिसके बाद उन्हें नौकरी ज्वाइन करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा औषध ालय से मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट चाहिए थे। जरूरी कागजों को बनाने के लिए रघुवीर सिंह सिडकुल स्थित कर्मचारी राज्य बीमा ओषधालय पहुंचे लेकिन विभाग के कर्मचारियों और डॉक्टर ने उनकी सुनी। पीड़ित का आरोप है कि उसको परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

# मां ज्वाला जी की पावन ज्योत कल पहुंचेगी रूद्रपुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 33 वीं माँ वैष्णो दरबार यात्रा पर गये श्रद्धालु हिमांचल प्रदेश से माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर रूद्रपुर के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।



कल 2 अक्टूबर की शाम को ज्वाला ज्योति पावन ज्योत रुद्रपुर पहुँचेगी। पावन ज्योति के रूद्रपुर पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा। पावन ज्योति नवरात्र में 9 दिन तक दुर्गा मंदिर में विराजमान रहेगी। यात्रियों में महंत राजीव ठक्कर ,संयोजक वेद ठुकराल किशन मेहता ,पवन गाबा पल्ली ,काका नारंग , मोहित बत्रा , विक्की कक्कड़,किशन सुखीजा ,ठाकुर साहब ,राम राजदेव ,अर्जुन खुराना ,सयम चावला ,अंश कक्कड़, विपिन अरोरा, अमित दुआ ,नाजिर सिंह , , रजनी बत्रा ,साक्षी बत्रा,रीता मेहता ,गीता सुखीजा डाक्टर होरी सिंह , ब्रजपाल सिंह,एकता दुआ ,ओम वीर शर्मा , सहित आदि शामिल हैं।

# कल भाजपा के सदस्यता अभियान में रहेंगे पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के सदस्यता ग्रहण के अभियान को लेकर गदरपुर मंडल में लगातार भाजपा व भाजयुमो मंडल अध्यक्षों द्वारा लगातार मेहनत की जा रही है इसी क्रम में नगर के शहनाई वाटिका में भाजयुमो मंडल व भाजपा मंडल के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण का विशेष कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर को होने जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर



बताया कि दो अक्टूबर को भाजपा सदस्यता ग्रहण अभियान का विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमे मुख्यरूप से भाजपा संगठन मंत्री अजय जी भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ,जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित दिग्गज चेहरे उपस्थित रहेंगे।प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा प्रदेश के मुखिया द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओ में भाजपा सदस्यता अभियान को और अधिक मजबूती से प्रदान करने का आवाहन किया जाएगा।

